Title: Need to open a Central School at Shajapur in Madhya Pradesh.-- Laid.

श्री थावरचन्द गेहलोत (शाजापुर): अध्यक्ष महोदय, शाजापुर, मध्य प्रदेश में केन्द्रीय विद्यालय खोलने की मांग मेरे द्वारा और अन्य नागरिकों द्वारा लम्बे समय से की जा रही है। शाजापुर जिला मुख्यालय होकर राट्रीय राजमार्ग क्र. 3 (आगरा-मुम्बई मार्ग) पर स्थित है तथा रेलवे स्टेशन भी है। यहां आयकर एवं अन्य केन्द्रीय वि भागों के कार्यालय हैं। यहां केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु जिला प्रशासन भवन व भूमि आदि की सुविधा उपलब्ध कराने के लिए तत्पर है तथा कलैक्टर, शाजापुर ने इस संबंध में केन्द्रीय विद्यालय संगठन को पत्र भी लिखा है। मैं भी सांसद निधि से इस कार्य हेतु पचास लाख रूपये देने के लिये तैयार हूं। मैंने इस संबंध में पूर्व में भी लिखा है। मैं सरकार से पुनः मांग करता हूं कि शाजापुर में केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना हेतु स्वीकृति प्रदान करने का कट करें।